खण्ड-14 संख्या-4

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि 25 जनवरी, 1985 ई० ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर—अष्टम बिहार विधान-सभा के त्रयोदश सत्र के अनागत प्रश्नोत्तरों का सभा पटल पर रखा जाना | 1 |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—15, 16, 18, 21 | 1—6 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—86, 87, 88, 92, 97, 116, 120, 121, 122, 123, 127, 128 | 7—27 |
| परिशिष्ट—( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) : | 28—274 |
| दैनिक निबंध: | 275 |


टिप्पणी —किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है ।

(4) प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से प्राक्कलन मांगा गया है। आवंटन प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वयन कराया जाएगा।

---

### जिला शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन।

अ-22. श्री राम परीक्षण साह—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर का पद चार वर्षों से रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि वयस्क शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर विगत् चार वर्षों से अपने पद के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी का भी कार्य कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन शीघ्र करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—(1) जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर का पद अक्तूबर, 1981 से रिक्त है।

(2) जिला वयस्क शिक्षा पदाधिकारी विगत् चार वर्षों से नहीं बल्कि अक्तूबर, 1981 से अपने कार्य के अतिरिक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्य प्रभारी के रूप में कर रहे हैं।

(3) जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर के पद पर शिक्षा विभाग की अधिसूचना सं० 557, दिनांक 30 जून, 1984 द्वारा श्री स्वयं प्रकाश सिन्हा का स्थानान्तरण कर पदस्थापित किया गया है।

---

### भवन का पुनर्निर्माण।

साम-28. श्री राम विलास मिश्र—क्या मंत्री, ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर/सरायरंजन प्रखंड के भगवतपुर हल्का का हरिलोचनपुर ग्राम स्थित जनसेवक निवास गृह

1982-83 में गिर गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन का पुनर्निमाण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, ग्रामीण पुनर्निर्माण एवं पंचायती राज विभाग —उत्तर स्वीकारात्मक है। सामुदायिक विकास भवन-सह-जनसेवक निवास था, जो ध्वस्त हो गया है, लेकिन विधायक कोटा से एक सामुदायिक भवन उसी स्थान पर नवनिर्मित हो चुका है।

---

शिक्षकों का पदस्थापन।

क्र-62. श्री रामविलास मिश्र—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मुरायरंजन प्रखंड में मध्य विद्यालय, मुसापुर और तिसवारा (हरिलोचनपुर) में कितने शिक्षकों के पद किस तिथि से रिक्त हैं तथा इतनी अवधि तक पद रिक्त रहने के क्या कारण हैं तथा रिक्त पदों पर सरकार कबतक शिक्षकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—मध्य विद्यालय, मुसापुर में शिक्षक का एक पद सितम्बर, 1983 एवं मध्य विद्यालय, तिसवारा में शिक्षक का एक पद जनवरी, 1983 से रिक्त था। इन रिक्त शिक्षक के पदों पर शिक्षक का पदस्थापन किया जा चुका है।

---

वरीयता के आधार पर प्रोन्नति।

क्र-585. श्री रामशरण यादव—क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजकीय एवं स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्रनगर, पटना में प्राचार्य का पद जनवरी, 1983 से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पद को वरीयता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग—प्राचार्य, राजकीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, पटना का पद 1 फरवरी, 1983 से रिक्त है। सम्प्रति श्री बच्चू साव उप-शिक्षा निदेशक को अपने कार्यों के अतिरिक्त इस महाविद्यालय के प्राचार्य के पद का कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया गया है और वे कार्य कर रहे हैं। बिहार शिक्षा सेवा